# कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151-222655 ई मेल– aayukt.ele@gmail.com

क्रमांक: शिविरा/प्रारं/ऑनलाइन शिक्षण /19570/2020/1905 दिनांक: 29.01.2021

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,**

**समस्त ।**

**विषय:** स्माइल 2.0 संचालन प्रगति एवं शाला दर्पण पोर्टल हेतु दिशा निर्देश।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कोविड–19 के कारण विद्यार्थियों के शिक्षण अधिगम को नियमित रखने हेतु स्माइल कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में दिनाक: 02.11.2020 को प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर की अध्यक्षता में वी.सी. आयोजित की गयी थी। जिसमें स्माइल–2.0 की कक्षावार विषयवस्तु के साथ–साथ गृहकार्य एवं कक्षा अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों की मूल्यांकन व्यवस्था, विद्यार्थियों तक पाठ्यपुस्तक एवं कार्य पुस्तिका वितरण की समीक्षा की गयी।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोविड–19 के दौरान 'आओ घर में सीखें' की पहल के माध्यम से घर पर ही कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण कराया जा रहा है। शिक्षण अधिगम की इस ऑनलाइन प्रक्रिया की क्रियान्विति हेतु शाला दर्पण पोर्टल पर स्माइल 2.0 मॉड्यूल प्रारम्भ किया जा चुका है। इस मॉड्यूल में कोविड–19 के कारण विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति न होने के मद्देनजर सोशल मीडिया एवं अन्य गैर परम्परागत साधनों से शिक्षण सामग्री, गृहकार्य प्राप्ति एव शिक्षक कॉलिंग की सूचनाओं के डाटा की प्रविष्टि की जानी है। इस सम्बन्ध मे निम्नांकित दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें:–

1. जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों हेतु दिशा निर्देश –

- समस्त ए.डी.पी.सी./सी.बी.ई.ओ. को पाबन्द करावें कि उनके अधीनस्थ प्रत्येक विद्यालय में संस्थाप्रधान द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर Class Teaching Mapping कर ली गई है।
- प्रत्येक कक्षा अध्यापक अपने शाला दर्पण Staff log in का प्रयोग कर SMILE-2 मेन्यू मे Smile Teacher Student Mapping एवं Student Weekly Detail Option में छात्रो की सूचनाएं अपडेट करें।
- सभी संस्था प्रधानो को पाबंद करें कि अपने विद्यालय के लिए शाला दर्पण पर SMILE-2 मेन्यू मे Class Teacher Mapping पर जा कर प्रत्येक कक्षा के लिए कक्षाध्यापक का चयन करें। साथ ही विद्यालय के सभी कक्षाध्यापकों को विद्यार्थियों का डाटा एंट्री करने हेतु आदेशित करे।
- संस्था प्रधान को प्रति दो सप्ताह (पाक्षिक) का विद्यार्थियों का डाटा भरने हेतु पाबन्द करावें।

2. संस्था प्रधान एवं कक्षाध्यापकों हेतु दिशा निर्देश –
   - शाला दर्पण पोर्टल पर स्टॉफ लॉगिन पर कक्षाध्यापक द्वारा log in किया जावे।
   - संस्था प्रधान द्वारा की गयी मैपिंग की Details को देखकर स्वयं की कक्षा की डाटा एंट्री कक्षाध्यापक द्वारा की जावे।
   - Smile Teacher Student Mapping में कक्षाध्यापक अपनी Mapping कक्षा का चयन करे और show click करें।
   - प्रत्येक विद्यार्थी के लिए शिक्षण सामग्री से अधिगम का माध्यम एवं गृहकार्य प्राप्ति का वास्तविक माध्यम चुनें। यह डाटा एक बार ही चयन करना है।
   - Student Weekly Detail से अपनी Mapped कक्षा का चयन करें। उस वर्ष, महीने एवं सप्ताह का चयन करें जिसके लिए डाटा Update कर रहे हैं और फिर show click करें।
   - Student Weekly Detail को शाला दर्पण पर माह मे दो बार (पाक्षिक) अपलोड करे।
   - Student Weekly Detail के Option से Mapped कक्षा का चयन कर अभ्यास की जॉच, संग्रहण एवं विद्यार्थी से फोन पर जुडने की तिथि का चयन करें।
   - उक्त अपडेट से सम्बन्धित जानकारी विषयाध्यापकों से प्राप्त करनी है। यह डाटा प्रत्येक सप्ताह भरना होगा। विषयाध्यापक का दायित्व होगा कि वह कक्षाध्यापक को विद्यार्थियों का समस्त विवरण प्रेषित करे।

- स्माइल 2.0 के तहत सभी शिक्षकों को हर सप्ताह विद्यार्थियों से फोन कॉल के माध्यम से जुडे रहना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि कोई विद्यार्थी सम्पर्क से छूट नहीं जावे एवं शिक्षण मे निरन्तरता बनी रहे।

विदित रहे है कि अब तक शिक्षक गूगल फॉर्म के माध्यम से सूचना प्रेषित कर रहे है लेकिन 01.02.2021 से इस प्रक्रिया मे बदलाव किया जायेगा एवं गूगल फॉर्म बंद कर दिये जायेंगे। अब यह प्रक्रिया शाला दर्पण पोर्टल पर SMILE-02 मॉड्यूल पर अपडेट की जानी है। इस मॉड्यूल के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त होगी ताकि जिससे राज्य के शैक्षणिक उन्नयन हेतु सतत् प्रयास जारी रखे जा सके। अतः शिक्षण अधिगम एव गृहकार्य जॉच प्रगति की रिपोर्ट सभी कक्षाध्यापकों से अपडेट करावें। शाला दर्पण पर डाटा अपडेट रिपोर्ट 80 प्रतिशत से न्यून होने पर अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी जिसके लिए अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**नोटः–1. शाला दर्पण पोर्टल स्माइल–2.0 की प्रत्येक वास्तविक डाटा एंट्री की जावे ताकि विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की सटीक जानकारी रिकॉर्ड हो सके एवं नवीन शैक्षिक रणनीति की आवश्यकतानुरूप योजना बनायी जा सके।**

**2. स्माइल–2.0 की मॉनिटरिंग हेतु प्रपत्र अ, ब, स भरने की आवश्यकता नहीं है।**

**3. निरीक्षण के समय स्माइल–2.0 मॉड्यूल की हार्ड कॉपी का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करें।**

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं.राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/ऑनलाइन शिक्षण/19570/2020/1905 दिनांकः– 29.01.2021

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त को इस निर्देश के साथ कि वे अधीनस्थ जिलो में उक्तानुसार समुचित प्रबोधन एवं पर्यवेक्षण करे।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त।
7. जि.शि.अ.(मु.), मा.शि. / प्रा.शि., समस्त।
8. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,समस्त।
9. समस्त पी.ई.ई.ओ / सी.आर.सी.एफ.।
10. सिस्टम एनॉलिस्ट,माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कराने वास्ते।
11. शाला दर्पण प्रभारी,माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने वास्ते।
12. कार्यालय रक्षित पत्रावली।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं
पं.राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर